राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 /1121 /2024

दिनांकः–31 मई, 2024

समयबद्ध / आवश्यक

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः–प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा समय से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

आप अवगत ही है कि विश्वविद्यालय द्वारा सर्वप्रथम निर्गत पत्र दिनांक 11 मई, 2024 द्वारा राजकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा दिनांक 20 मई, 2024 तक तदोपरान्त निर्गत पत्र दिनांक 13 मई, 2024 द्वारा दिनांक 25 मई, 2024 तक प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये थे। प्राप्त डाटा के अनुसार अभी भी कतिपय राजकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों द्वारा महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा पूर्ण नही करायी गयी है। यह स्थिति संतोषजनक नही कही जा सकती।

इसी प्रकार सभी स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को 10 जून,2024 तक समस्त प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया है। प्राप्त डाटा के अनुसार स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराने की गति अत्यन्त धीमी है। धीमी गति से विश्वविद्यालय का परीक्षाफल समय से घोषित किया जाना सम्भव नही होगा।

मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार अपेक्षा की जाती है कि समस्त राजकीय, अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय दिनांक 10 जून, 2024 तक समस्त प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा पूर्ण कर उसके अंक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कराना तथा उसकी हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

31/5/24

डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 तथा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
4. गार्ड फाईल।

31.05.24

उप कुलसचिव

V letter